567

अनु०अधि०(प्रशा०)
तत्काल

संख्या - 680396 /2024/ 16-1099/271/2020

प्रेषक,

प्रभाकर चन्द्र मिश्र,
संयुक्त सचिव,

सेवा में,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 01 जुलाई, 2024

विषय- उन्नति फाउन्डेशन द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के साथ किये गये एम०ओ०यू० के कार्यान्वयन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि दिनांक-14.03.2024 कोउन्नति फाउन्डेशन प्राविधिक शिक्षा विभाग उ०प्र० के साथ एम०ओ०यू० सम्पादित किया गया है। उक्त एम०ओ०यू० के कार्यान्वायन के सम्बन्ध में पॉलिटेक्निक कालेजो में ट्रेनर चिन्हित किये गये है। उन्नति फाउन्डेशन के द्वारा यह संसूचित किया गया है कि प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पॉलिटेक्निक कालेजो की सूची में से मात्र 03 पॉलिटेक्निक कालेज के प्राधानाचार्यो द्वारा रिस्पॉन्स दिया गया है, शेष कालेजो से कोई रिस्पांन्स प्राप्त नही हुआ है।

2. उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित 147 पॉलिटेक्निक कालेजों में छात्रो द्वारा ट्रेनिंग के लिये अभी तक इन्रोल्मेन्ट नही कराया गया है। यह स्थिति उचित नहीं है।

3. अत: मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उन्नति फाउन्डशन के अन्तर्गत ट्रेनिंग हेतु अधिक से अधिक छात्रो को इन्रोलमेंट कराने के लिये सम्बन्धित पॉलिटेक्निक कालेजो के प्रधानाचार्यो को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Prabhakar Chandra Mishra
(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।
Date: 01-07-2024 14:10:32

271

प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उ0प्र0, कानपुर।

ई-मेल

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक-25420-567/ई-प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024-25 दिनांकः 2 जुलाई ,2024

विषयः- उन्नति फाउण्डेशन द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के साथ किये गये एम0ओ0यू0 के कार्यान्यवयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक शासन के पत्रांक-680396/2024/16-1099/271/2020 दिनांक 01.07.2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 01.07.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 14 मार्च 2024 को उन्नति फाउण्डेशन प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के साथ एम0ओ0यू0 सम्पादित किया गया हैं। उक्त एम0ओ0यू0 के कार्यान्यवयन के सम्बन्ध में पालीटेक्निक, कालेजों में ट्रेनर चिन्हित किये गये हैं। उन्नति फाउण्डेशन द्वारा यह संसूचीत किया गया है कि प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पालीटेक्निक कालेजों की सूची में से मात्र 03 पालीटेक्निक, कालेज के प्रधानाचार्यो द्वारा रिस्पांस दिया गया हैं, शेष कालेजों से कोई रिस्पांस प्राप्त नहीं हुआ हैं। उक्त के अतिरिक्त शासन द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित 147 पालीटेक्निक, कालेजों में छात्रो द्वारा ट्रेनिंग के लिये अभी तक एन्रोल्मेंट नहीं कराया गया हैं। यह स्थिति उचित नहीं हैं।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उन्नति फाउण्डेशन द्वारा पालीटेक्निक कालेजों हेतु चिन्हित ट्रेनरो से आपकी संस्था में अद्ययनरत् छात्र-छात्रओं की ट्रेनिंग कराये जाने हेतु अधिक से अधिक छात्रों का इन्रोल्मेंट दिनांक 03.07.2024 के सायं 5:00 बजे तक प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए कृतकार्यवाही से निदेशालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे कि वांछित सूचना शासन को अविलम्ब प्रेषित की जा सके अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(आशीष गुप्ता)
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा

पृ0सं0-25568-572/ई-प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024-25 दिनांकः 02 जुलाई,2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1, विधान भवन लखनऊ को शासन के पत्र दिनांक 01.07.2024 के सम्बन्ध में।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि आपके क्षेत्रान्तर्गत आने वाली समस्त राजकीय पालीटेक्निक, संस्थाओं के प्रधानाचार्यो को छात्रों का इन्रोल्मेंट दिनांक 03.07.2024 के सायं 5:00 बजे तक कराने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

(आशीष गुप्ता)
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा